नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

मो. 7897475917, 9794299451

Website : www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

स्थापित 2005 ई.

पत्रांक.............................. . दिनांक : 30.09.2021

## प्रकाशनार्थ

भारतीय लोकतंत्र के महापर्व की प्राथमिक पाठशाला छात्रसंघ चुनाव की अद्‌भुत झलक आज महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, के प्रांगण में देखने को मिली, जहां प्रातः 08.30 बजे से महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी मतदाताओं ने शान्ति पूर्ण ढ़ंग से चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान में भाग लेने वाले प्रत्येक मतदाता एवं मतदान कराने हेतु प्रतिबद्ध मतदान अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोविड–19 के अनुदेशों के अनुपालन में शारीरिक दूरी, मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण में मतदान कराया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने बीच से अध्ययन–अध्यापन एवं शैक्षिक वातावरण का सुदृढ़ बनाने तथा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु योग्य प्रतिनिधियों के चुनाव का कार्य किया। कुल 2454 विद्यार्थियों में से 1836 विद्यार्थियों ने इस मतदान में भाग लिया, इस प्रकार कुल 74.81 प्रतिशत मतदान हुआ। तत्पश्चात अपराह् 2.30 बजे से चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रत्याशी/प्रतिनिधियों के समक्ष मतगणना कराया गया और प्राप्त परिणामों के आधार पर विजयी प्रत्याशी की घोषणा की गयी। विजयी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद विजित प्रत्याशियों को मालाएँ पहनाकर उन्हें जीत की बधाई दी गई। ऐसा दृश्य महाविद्यालय की गरिमा और संस्कृति ने अनुरूप आपसी भाई–चारे एवं सहयोग की भावना को दर्शाता है, जो लोकतंत्र में प्रत्येक शिक्षण संस्थाओं के लिए एक प्रतिमान है। मतदान के अवसर पर आज महाविद्यालय में ठोस योजना, कुशल प्रबन्धन एवं विद्यार्थियों में स्वानुशासन की भावना का सुखद परिणाम भी देखने को मिला। वास्तव में इस संस्था की परिकल्पना महान संस्थापकों द्वारा छात्र हित एवं समाजोत्थान के पवित्र उद्देश्य के साथ की गयी, जिसकी सकारात्मक झलक इस मतदान पर्व पर देखने को मिली।

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज सम्पन्न छात्रसंघ चुनाव में **अध्यक्ष पद** पर **श्री सूरज गुप्ता 120 मतों** से विजयी हुए। श्री सूरज गुप्ता को 589 मत मिले, निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री ज्ञानेन्द्र पाण्डेय को 469 मत प्राप्त हुए जबकि तीसरे स्थान पर श्री राकेश

नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित 2005 ई.

गुप्ता को 448 मत प्राप्त हुए। श्री ज्ञानेश्वर मणि उपाध्याय 319 मत पाकर चौथे स्थान पर रहे। अध्यक्ष पद पर 1825 मत वैध एवं 11 मत अवैध घोषित किये गये। **उपाध्यक्ष पद** पर **श्री शुभम कुमार वर्मा 44 मतों** के अन्तर से विजयी घोषित किये गये। श्री शुभम कुमार वर्मा को 932 वोट प्राप्त हुए। इनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री दुर्गेश पाल को 888 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर कुल 1820 मत वैध एवं 16 मत अवैध घोषित किये गये। **महामंत्री पद** पर **श्री राहुल यादव 170 मतों** के अन्तर से विजयी घोषित किए गये। श्री राहुल यादव को 997 मत प्राप्त हुए, उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री सौरभ कुमार को 827 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर 1024 मत वैध एवं 12 मत अवैध घोषित किए गए। **पुस्तकालय मंत्री** पद पर **श्री संदीप यादव 133 मतों** के अन्तर से विजयी घोषित हुए। पुस्तकालय मंत्री पद पर श्री **संदीप यादव को 980 मत** प्राप्त हुए, उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी श्री विशाल प्रसाद को 847 मत प्राप्त हुए, पुस्तकालय मंत्री पद पर कुल 1827 मत वैध एवं 09 मत अवैध घोषित किये गये। अन्त में मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने विजित प्रत्याशियों को प्रमाण–पत्र देकर उन्हें भावी जीवन की शुभकामनाएं दी।

ASingh

डॉ. अभिषेक सिंह
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी